[redacted]

No. of Printed Pages : 8

872181

**2024**

# सामान्य हिन्दी

## (General Hindi)

*निर्धारित समय : 3 घंटे]* *[ पूर्णांक :150*

*Time allowed : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 150*

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

1. **निर्देश :** इसमें 15 उपप्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर देना अनिवार्य है । प्रत्येक उपप्रश्न की उत्तर-सीमा 20 शब्द है ।

(i) 'तद्धित प्रत्यय' किसे कहते हैं ? 1

(ii) 'अव' उपसर्ग से बने दो शब्द लिखिए । 1

(iii) निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद करते हुए प्रयुक्त संधि का नाम बताइए : 1

(a) अन्वेषण

(b) तमोगुण

(iv) निम्नलिखित सामासिक पदों में प्रयुक्त समासों का नाम लिखिए : 1

(a) भरपेट

(b) दुधमुहाँ

(v) निम्नांकित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए : 1

(a) समीप

(b) बहना

(vi) निम्नलिखित सर्वनामों का एक-एक उदाहरण लिखिए : 1

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम

(b) निश्चयवाचक सर्वनाम

Prepp
Your Personal Exam Guide



[P.T.O.

(vii) 'अकर्मक क्रिया' किसे कहते हैं ? 1

(viii) गुणवाचक एवं परिमाणवाचक विशेषणों के एक-एक उदाहरण 1

(ix) निम्नांकित शब्दों के लिंग बताइए : 1

(a) दातून

(b) गुलेल

(x) 'क्रिया-विशेषण' किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए। 1

(xi) 'स्थानवाचक अव्यय' के दो उदाहरण लिखिए। 1

(xii) निम्नलिखित अव्ययों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1

(a) कब

(b) परन्तु

(xiii) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अर्थ के अनुसार संबंधबोधक अ ताइए : 1

(a) यह पुस्तक तुम्हारे लिए है।

(b) तुम चलो, मैं बाद में आऊँगा।

(xiv) निम्नलिखित का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 1

(a) उससे बैठा नहीं जाता (कर्तृवाचक)

(b) मैं देख नहीं सकता (भाववाचक)

(xv) निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में रूपांतरित कीजिए : 1

(a) वह पढ़ता है।

(b) सीता गाना गाती है।

2. **निर्देश :**

(अ) इसमें 12 उपप्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत -सीमा 20 शब्द है।

(i) निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव-रूप लिखिए :

(a) चंचु

(b) अवश्याय

(ii) निम्नांकित शब्दों के तत्सम-रूप लिखिए :

(a) बच्चा

(b) बैन

Prep Your Personal Exam Guide

(iii) निम्नलिखित में से देशज शब्द छाँटकर लिखिए : 1

आखर, खिड़की, बयार, तेंदुआ

(iv) 'अनेकार्थवाची शब्द' किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। 1

(v) निम्नलिखित शब्दों में से योगरूढ़ शब्द छाँटकर लिखिए :

जलज, घुड़सवार, चक्रपाणि, छल-छंद 1

(vi) 'पुत्री' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। 1

(vii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :

(a) उन्मुख

(b) एकाग्रचित्त 1

(viii) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ बताइए :

(a) अंबर

(b) नाग

(ix) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द बताइए : 1

(a) जिसका वर्णन करना असंभव हो

(b) जिसे देखकर या सुनकर हृदय फटता हो

(x) निम्नलिखित शब्द-युग्मों के अर्थ बताइए : 1

(a) कृति – कृती

(b) जगत् – जगत

(xi) हिन्दी भाषा में फारसी से आगत दो विदेशी शब्दों को लिखिए। 1

(xii) 'संकर' शब्द के दो उदाहरण लिखिए। 1

**(ब) इसमें 3 उपप्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक उपप्रश्न की उत्तर-सीमा 20 शब्द है।**

(i) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए : 1

(a) श्रृंगार

(b) वहिरंग

(ii) निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द छाँटकर लिखिए : 1

स्वास्थ्य, शाप, सुश्रुषा, मिष्ठान्न

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द छाँटकर लिखिए : 1

गरिष्ट, अनधिकार, अन्तर्ध्यान, कवयित्री

3. **निर्देश :** इसमें **15** उपप्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर देना अनिवार्य है । प्रत्येक उपप्रश्न की उत्तर-सीमा 20 शब्द है ।

(i) निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्यों में परिवर्तित कीजिए :

(a) 'मुझे संदेह है कि वह ईमानदार है ।'

(b) 'वह प्रतिभावान है पर लोग ऐसा नहीं समझते ।'

(ii) निम्नांकित वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए :

'युद्ध में अदम्य साहस दिखाने के कारण राष्ट्रपति ने उसे वीर चक्र प्रदान किया ।'

(iii) रचना की दृष्टि से यह कौन सा वाक्य है ?

'देर मत करो वरना वह नहीं मिलेगा ।'

(iv) निम्नलिखित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

'वह बहुत मेहनत करता था ताकि सफल हो सके ।'

(v) निम्नांकित वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

'अपनी अनुपस्थिति का कारण बताओ ।'

(vi) निम्नलिखित वाक्य को सकारात्मक वाक्य में बदलिए :

'महाराणा प्रताप का नाम किसने नहीं सुना ।'

(vii) निम्नलिखित वाक्य को नकारात्मक वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

'विवेक, संजीव से लम्बा है ।'

(viii) निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए :

'क्रोध चाहे जैसा भी हो मनुष्य को दुर्बल बनाता है ।'

(ix) 'अर्द्धविराम' एवं 'निर्देशक' विराम-चिह्नों के सूचक चिह्न अंकित कीजिए ।

(x) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

'यह औषधि रोग को समूल से नष्ट कर देगी ।'

(xi) निम्नांकित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए :

'हल्का-सा हवा का झोंका आया ।'

(xii) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

'ऐसा करने पर कोई हानि नहीं है ।'

Prep Your Personal Exam Guide

(xiii) निम्नांकित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए : 1

'विवाह में कई पुरुष-स्त्रियां आए थे ।'

(xiv) 'स्वदेशी' के प्रचार-प्रसार के लिए एक स्लोगन लिखिए । 1

(xv) 'वन-संरक्षण' पर एक स्लोगन लिखिए । 1

4. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए : (प्रत्येक वाक्य-प्रयोग की शब्द सीमा : 30 शब्द) $5 \times 2 = 10$

(i) एक आँख से देखना

(ii) कन्नी काटना

(iii) ओखली में सिर देना

(iv) का वर्षा जब कृषी सुखाने

(v) पढ़े फारसी बेचे तेल, देख सखी किस्मत का खेल

5. (अ) संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल होने पर अपने मित्र को एक बधाई-पत्र लिखिए । (शब्द सीमा : *100* शब्द) 5

(ब) सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार की ओर से आयोग के सभी कर्मचारियों के लिए एक कार्यालय आदेश तैयार कीजिए, जिसमें निर्धारित समय से पूर्व कार्यस्थल छोड़ने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के विषय में कहा गया हो । (शब्द सीमा : 150 शब्द) 10

6. (अ) अ ब स विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 द्वारा ग्राम क ख ग में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए । (शब्द सीमा : 200 शब्द) 10

(ब) कृपया निम्नलिखित प्रशासनिक शब्दों/शब्द-युग्मों का अंग्रेजी में अनुवाद उनके सामने लिखें : 10

*(i)* वार्षिक प्रतिवेदन

*(ii)* अंकेक्षण

(iii) सुरक्षित भंडार

(iv) नियमितीकरण

(v) प्रयोक्ता अनुकूल

(vi) तुल्य अनुदान

(vii) जन शक्ति

(viii) सकल अर्जन

(ix) अर्जित अवकाश

(x) गतिरोध

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसके अन्त में दिये गये प्रश्नों का उत्तर गद्यांश के आधार पर दीजिए : (प्रत्येक प्रश्न की शब्द-सीमा : 30 शब्द) **5 × 3 = 15**

"हमारा राकेट द्रुत गति से छोड़ा जाना चाहिए, कम-से-कम 6.93 मील प्रति सेकण्ड की रफ्तार से क्योंकि यदि यह इससे कुछ भी कम गति से छोड़ा जाता है, तो यह एक साधारण बन्दूक की गोली की तरह पृथ्वी पर सिर्फ वापस गिरकर रह जायेगा । पर यदि यह 6.93 मील प्रति सेकण्ड की रफ्तार से कूच करता है, तो यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की ओर से तुरंत मुक्त हो जायेगा, परन्तु जैसे ही यह मुक्त होगा इसकी अच्छी खासी गति हमें अपनी यात्रा पर ले चलने के लिए शेष नहीं रह पाएगी । इसलिए हम 7 मील प्रति सेकण्ड की रफ्तार से चलें, तो जब यह पृथ्वी के आकर्षण से मुक्त हो जाएगा, इसके बाद भी इसमें एक मील प्रति सेकण्ड चलने की गति शेष रहेगी और हम चन्द्रमा पर दो दिनों से कम में पहुँच जाएँगे । हम पृथ्वी के वातावरण से होकर गुजरने में केवल कुछ सेकण्ड लेते हैं, जिसकी पर्त बेर या आड़ू की पतली चमड़ी की तुलना में शायद कुछ अधिक मोटी है । जैसे ही हम इससे गुजरते हैं, धीरे-धीरे अपने नीचे हवा, धूल और जलवाष्प के सारे कणों को छोड़ने लगते हैं, जो सूर्य के प्रकाश को घेर लेते हैं और आकाश की छवि को नीला बना देते हैं । पर जैसे ही इन कणिकाओं की संख्या कम होने लगती है, हम आकाश को नीले, गहरे नीले, गहरे बैंगनी और काले भूरे रंगों के रूप में वेश बदलते देखने लगते हैं । अन्ततः हम अपने नीचे पृथ्वी का वातावरण छोड़ जाते हैं और सूर्य, चन्द्रमा तथा तारों के अतिरिक्त आकाश को काला स्याह होता देखते हैं । अब ये पृथ्वी से देखे गये की अपेक्षा अधिक चमकीले दिखते हैं और अधिक नीले भी, क्योंकि उनमें से कहीं कोई भी नीली रोशनी नीले आकाश की रचना के लिए घटायी नहीं गयी है और अब देर तक सितारे हमें उस तरह टिमटिमाते नहीं दिखते हैं जैसा पृथ्वी पर, क्योंकि अब उनकी रोशनी की धारा तक को बाधित करने के लिए कहीं कोई वातावरण नहीं है । अब वे हमें रोशनी की तीखी, सख्त सुइयों से हमारी आँखों को बेधते प्रतीत होते हैं ।"

**प्रश्न :**

(क) यदि राकेट 6.93 मील प्रति सेकण्ड की रफ्तार से ऊपर उठे तो क्या घटित होगा ?

(ख) यदि राकेट 7 मील प्रति सेकण्ड की रफ्तार से ऊपर उठे, तो ऐसी स्थिति में गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के बाहर उसकी गति क्या होगी और चन्द्रमा तक पहुँचने में हमें कितना समय लगेगा ?

(ग) पृथ्वी का वातावरण कितना मोटा है और उससे गुजरने में इसे कितना समय लगेगा ?

(घ) जैसे ही हम वातावरण से बाहर निकलेंगे आकाश में हम रंगों का कैसा परिवर्तन देखेंगे ?

(ङ) पृथ्वी से देखे जाने की तुलना में बाह्य आकाश में सितारे हमें किस तरह दिखेंगे ?

8. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए :

हमारे मन की थकावट और ताजगी के लिए हमारी मानसिक स्थिति सबसे अधिक जिम्मेदार है । निराशा हमारी सबसे बड़ी शत्रु है । शारीरिक योग्यता को नष्ट करने वाला इससे बढ़कर कोई दूसरा नहीं है । इसका नकारात्मक प्रभाव इतना भयानक होता है कि महीनों के लगातार शारीरिक श्रम की थकावट भी उसका मुकाबला नहीं कर सकती । इसके विपरीत शान्त निद्रा से जो ताजगी मिलती है, उससे भी इन्द्रियों में स्फूर्ति पैदा हो जाती है । प्रत्येक बुद्धिमान् व्यक्ति शारीरिक रूप से समर्थ और सक्षम होना चाहता है । चाहे वह जीवन की किसी भी अवस्था में हो, किसी भी व्यवसाय में हो, वह सदैव काम करते रहने और आगे बढ़ते रहने के लिए प्रयत्नशील रहता है । व्यक्ति जो-कुछ भी करता है, उसमें उसकी यही इच्छा रहती है कि उसकी योग्यता बढ़े । इसे पाने का एकमात्र उपाय यह है कि प्रत्येक काम को निष्ठा और निपुणता के साथ शारीरिक योग्यता को बढ़ाते हुए किया जाए ।

(शब्द-सीमा : दिए गए गद्यांश का **1/3**)

9. निम्नलिखित का भावपल्लव कीजिए : **2 × 5 = 10**

(i) 'झूठे का मुँह काला, सच्चे का बोलबाला'

*(ii)* 'धीरज, धरम, मित्र अरु नारी । आपतकाल परखिए चारी ।।'

(शब्द-सीमा : प्रत्येक पल्लवन **50** शब्द)

10. कृपया निम्नलिखित हिन्दी अवतरण का अंग्रेजी में अनुवाद करें : **10**

एक समय था जब आर्थिक विकास की सुदृढ़ता और दीर्घकालीनता के लिए आयात-स्थानापन्नता की नीति की सिफारिश की जाती थी, अर्थात् इस धारणा में विश्वास किया जाता था कि यथासंभव आयात के स्थान पर वस्तुओं का उत्पादन देश के भीतर ही किया जाना चाहिए । भारत में भी इस मत को अपनाते हुए कई दशकों तक कर-नीति को इसके अनुरूप ढालने का प्रयत्न किया गया था । परंतु अब यह मत सर्वमान्य है कि विदेशी व्यापार के संवर्धन द्वारा आर्थिक विकास की गति को बढ़ाया जा सकता है । इस नई विचारधारा के अनुरूप भारत सहित कई विकासशील देशों में उदारीकरण और वैश्वीकरण की नीति का अनुसरण किया जा रहा है ।

11. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी अनुवाद कीजिए :

An important factor in turning the people against British rule was their fear that it endangered their religion. The fear was largely due to the activities of the Christian missionaries who were "to be seen everywhere – in the schools, in the hospitals, in the prisons and at market places". These missionaries tried to convert people and made violent and vulgar public attacks on Hinduism and Islam. They openely ridiculed and denounced the long-cherished customs and traditions of the people. They were, moreover, provided police protection. The actual conversions made by them appeared to the people as living proofs of the threat to their religion.

Prepp
Your Personal Exam Guide